**प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद**

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **28-09-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-**

**अवगत कराना है दिनांक 22.05.2025 को वादिनी निवासी थाना कटघर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी की पुत्री का पीछा करना,बहला-फुसलाकर ले जाने,गाली-गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देने आदि के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-294/2025 धारा-137(2), 78(2),74,352,351(3) बीएनएस 9m/10 पोस्को एक्ट पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही व बयानों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-70(2) बीएनएस व 5एम/6 पोक्सो एक्ट**



**की वृद्धि की गयी तथा आज दिनांक 28.09.2025 को निरीक्षक अपराध श्री अशोक कुमार तोमर थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी सचिन पुत्र ओमकार निवासी लालबाग काली मन्दिर के पास थाना मुगलपुरा,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।**

**गिरफ्तार आरोपीः-**

**सचिन पुत्र ओमकार निवासी लालबाग काली मन्दिर के पास थाना मुगलपुरा,मुरादाबाद**

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

**निरीक्षक अपराध श्री अशोक कुमार तोमर थाना कटघर,मुरादाबाद।**

**हे0का0 नीरज कुमार थाना कटघर,मुरादाबाद।**

**हे0का0 मोहित कुमार थाना कटघर,मुरादाबाद।**

**2-चोरी की स्कूटी व अवैध तमंचा,कारतूस के साथ वाहन चोर गिरफ्तार,थाना सिविल लाइन्सः-**

**अवगत कराना है दिनांक 27.09.2025 को उ0नि0 श्री रोहित कुमार थाना सिविल लाइन्स द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी संजय पुत्र चेतपाल निवासी मौहल्ला मिलन विहार आकांक्षा स्कूल के पास थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को बिना नम्बर प्लेट लगी चोरी की स्कूटी व एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना सिविल लाइन्स पर मु0अ0सं0-746/2025 धारा 318(4)/317(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त उक्त**



**स्कूटी थाना सिविल लाइन्स पर पंजीकृत अभियोग 865/2024 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित होना पायी गयी। उक्त चोरी गई स्कूटी की बरामदगी पर मु0अ0सं0-865/2024 में धारा-317(2) BNS की वृद्धि की गयी।**

### गिरफ्तारी आरोपीः-

**संजय पुत्र चेतपाल निवासी मौहल्ला मिलन विहार आकांक्षा स्कूल के पास थाना मझोला जनपद मुरादाबाद**

### बरामदगी का विवरणः-

स्कूटी एक्टिवा बिना नम्बर
एक अवैध तमंचा 12 बोर
एक जिन्दा कारतूस 12 बोर

### गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1-उ0नि0 श्री रोहित कुमार  थाना सिविल लाईन्स,मुरादाबाद।
2-उ0नि0 श्री तरूण कुमार थाना सिविल लाईन्स,मुरादाबाद।
3-हे0का0 सचिन कुमार थाना सिविल लाईन्स,मुरादाबाद।
4-का0 सुनील सागर थाना सिविल लाईन्स,मुरादाबाद।

### 3-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 06 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस **द्वारा 06 व्यक्तियों** को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

### शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-

**थाना मुगलपुरा-01,थाना भगतपुर-01,थाना कटघर-01,थाना ठाकुरद्वारा-01,थाना सोनकपुर-02**